[19/12/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 1489]

उत्तर मध्य रेल

कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक
(कार्य) झाँसी
दिनांक 30.11.2024.

पत्रांक : झाँसी/कार्य/सेतु / सामान्य

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
सेतु संभाग रीवा

विषय : ओरछा स्थित अंडर पास के सम्बन्ध में, माननीय विधायक श्री अनिल जैन माननीय विधायक निवाडी के विधान सभा प्रश्न क्रमांक 1489 के विषय में |

सन्दर्भ : आपका पत्र क्र. 14 28 /तक./2024-25 दिनांक 29.11.24

आपके उपरोक्त पत्र के सन्दर्भ में रेलवे विभाग की टिप्पणी निम्नानुसार है -

1. पूर्व में बारिश के समय इस समपार पर अत्यधिक जल रिसाव के कारण जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती थी,जिसे पम्प लगाकर जल निकास का प्रबंध कराया जाता रहा है | परन्तु ओरछा में सबवे के रिसाव को रोकने के लिए मरम्मत कार्य कराया गया है साथ ही सबवे से एक ड्रेन बनाकर जल निकासी की व्यवस्था कर दी गयी है ताकि जल भराव की स्थिति ना रहे और ड्रेन से जल निकास होता रहे, सड़क तल पर भी सुधर कार्य कराये गए है |
2. ओरछा सबवे के पास ही में छोटे चार / दो पहिया वाहनों के लिए एक सीमित ऊंचाई के नए अतिरिक्त अंडरपास का निर्माण भी कराया जा रहा है, ताकि छोटे वाहनों को असुविधा ना रहे, जो कि 2025 मानसून पूर्व यातायात हेतु तैयार हो जायेगा |
3. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा एक अतिरिक्त सड़क ओरछा हेतु प्रस्तावित की है जोकि झाँसी मिर्जापुर राजमार्ग को ओरछा धाम से जोड़ेगी तथा इस सकल पर ओरछा स्टेशन के समीप झाँसी छोर पर एक रोड ओवर ब्रिज प्रस्तावित किया गया है, जिसका संयुक्त निरीक्षण व सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है |

यह आपके सूचनार्थ हेतु प्रेषित है |

Ayush Srivastava
Digitally signed by Ayush Srivastava
Date: 2024.11.30 17:57:59 +05'30'

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पूर्व) झाँसी

प्रति - मंडल रेल प्रबंधक, झाँसी को सादर सूचनार्थ प्रेषित है |

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग,
मध्यप्रदेश मंत्रालय, भोपाल

CamScanner